VK Global Industries Limited

**Date: 21-07-2025**

**To,**
**BSE Limited,**
**The Listing Department**
**1st Floor, New Trading Ring,**
**Phiroze Jeejeebhoy Towers,**
**Dalal Street,**
**Mumbai – 400001**

**Scrip Code: 530177** **ISIN: INE758B01013**

**Subject: Notice published in Newspapers regarding opening of special window for re-lodgement of transfer request of physical shares**

Dear Sir/Madam,

Pursuant to Regulation 30 and 47 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, please find enclosed newspaper advertisements, regarding facilitation to eligible shareholders for re-lodgement of transfer requests of Physical shares, advertised in "The Pioneer" (English Newspaper) & Pioneer (Hindi Newspaper) in accordance with SEBI Circular No. SEBI/HO/MIRSD/MIRSD-PoD/P/CIR/2025/97, dated July 02, 2025.

The aforesaid information is also available on the website of the Company at www.vkgil.in

Kindly take the same on your records.

Thanking You,

**For and on behalf of**
**VK Global Industries Limited**
**(Formerly known as- SPS International Ltd)**

SAURABH GUPTA
Digitally signed by SAURABH GUPTA
Date: 2025.07.21 10:48:56 +05'30'

**Saurabh Gupta**
**Company Secretary & Compliance Officer**
**M No. A36879**

**Encl:** As Above

## संक्षिप्त खबरें

### भूखंड दिलाने का झांसा देकर दस लाख ठगे

मोदीनगर। गांव भोजपुर निवासी एक युवक को औद्योगिक प्लॉट दिलाने का झांसा देकर दस लाख रुपये ठगने का मामला सामने आया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव भोजपुर निवासी तरुण कुमार ने बताया कि गांव निवासी प्रवीण कुमार प्रॉपट्री डीलर का काम करता है। मैने उसे औद्योगिक प्लॉट खरीदने की बात बताई। इसके बाद उसने 481 वर्ग गंज का एक प्लॉट दिखाया,जो पंसद आ गया। सौदा 38 लाख रुपए में तय हुआ। शुरू में दस लाख रुपए प्रवीण को दे दिए और बाकी रकम बैनामा के समय देने की बात तय हुई। काफी समय बीत जाने के बाद भी प्रवीण ने बैनामा नहीं किया और वह इधर-उधर की बात करने लगा। जब उससे दस लाख रुपए मांगे तो वह परिवार सहित जान से मारने की धमकी देने लगा। पीड़ित ने इस संबंध में भेजपुर थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने प्रवीण कुमार निवासी भोजपुर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बकरी को छूने पर विवाद, महिला का सिर फोड़ा

नोएडा। फेज-2 थाना क्षेत्र के ककराला गांव में बकरी को छूने पर दो पक्ष भिड़ गए। आरोप है कि बकरी के मालिक ने बकरी छूने वाली महिला का सिर फोड़ दिया। शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक मूल रूप से बलिया के टुटवारी गांव की मीरा देवी परिवार से साथ नोएडा के ककराला गांव में रहती हैं। उनके घर में सुनीता नाम की महिला किराये पर रहती है। पुलिस को दी गई शिकायत में मीरा ने बताया कि उन्होंने सुनीता के बेटे की बकरी को छू लिया था। इसको लेकर सुनीता के लड़के दीपक ने नाराजगी जताई। चोरी का आरोप लगाते हुए अभद्रता की। इसका विरोध करने पर मारपीट की और सिर फोड़ दिया। इसके बाद पीड़िता ने मेडिकल करवाकर पुलिस से शिकायत की। थाना प्रभारी विन्ध्याचल तिवारी ने बताया कि शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

### कार का शीशा तोड़कर लैपटॉप चुराया

नोएडा। सेक्टर-110 निवासी राहुल दुबे निजी कंपनी में काम करते हैं। वह शुक्रवार रात सेक्टर-94 के रेस्त्रां में गए थे। उन्होंने अपनी कार सड़क किनारे सार्वजनिक शौचालय के पास खड़ी की थी। सवा घंटे बाद वह लौटे तो कार का शीशा टूटा था और अंदर रखा बैग गायब था्। बैग में लैपटॉप, मोबाइल और नकदी समेत अन्य सामान था। पीड़ित की शिकायत पर सेक्टर-126 थाने की पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। आशंका जताई जा रही है कि ठक-ठक गिरोह के बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया।

### चित्रकला में विद्यार्थियों ने प्रतिभा दिखाई

गाजियाबाद। गोविंदपुरम स्थित याया इंस्टीट्यूट में रविवार को चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जनपद के विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लेकर अपनी कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में विश्व ब्रह्मऋषि ब्राह्मण महासभा के पीठाधीश्वर ब्रह्मऋषि बीके शर्मा शामिल हुए। उन्होंने कहा कि बच्चे देश और समाज का का भविष्य हैं क्योंकि वे ही आने वाली पीढ़ी का प्रतिनिधित्व करते हैं। उनका विकास और उनकी शिक्षा भविष्य के समाज, अर्थव्यवस्था और राजनीति को प्रभावित करती है। इस दौरान संस्थान की निदेशक अल्पना शर्मा सहित विभिन्न स्कूलों के प्रधानाचार्य मौजूद रहे।

### बाइक खड़ी करने को लेकर भतीजे को पीटा

मोदीनगर। भोजपुर थानाक्षेत्र के गांव फजलगढ़ में सड़क पर बाइक खड़ी करने से नाराज दबंगों ने चाचा भतीजे को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस ने तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। गांव फजलगढ़ निवासी वसील ने बताया कि शनिवार को भतीजे तालिब ने अपनी बाइक सड़क किनारे खड़ी कर दी थी। इसी बात से नाराज पड़ोसियों ने गाली देना शुरू कर दिया। जब गाली देने से मना किया तो उन्हाने घर में घुसकर मारपीट व तोड्फोड़ की। आसपास के लोगों को आता देखकर हमलावर फरार हो गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर जाराफत,मुस्तकीम,सुहेल निवासी फजलगढ़ के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

### खरीफ फसल के लिए 31 तक कराएं बीमा

गाजियाबाद। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत खरीफ फसल के लिए बीमा किए जा रहे हैं। बीमा कराने के लिए अंतिम तिथि 31 जुलाई है। जिला कृषि अधिकारी अमित कुमार ने बताया कि बीमा कराने के लिए किसानों को अपना आधार कार्ड, स्वप्रमाणित फसल बुवाई का घोषणा पत्र, खतौनी की नकल, बैंक पासबुक की छायाप्रति की आवश्यकता है। फसलों को प्राकृतिक आपदाओं, चक्रवाती वर्षा, ओलावृष्टि, बादल फटना, भूस्खलन, आकाशीय बिजली गिरने के कारण नुकसान होने पर किसानों को लाभ दिया जाता है।

### वेदांत ग्रीन तीन विकेट से जीती

गाजियाबाद। गोविंदपुरम स्थित वेदांत क्रिकेट एकेडमी के मैदान पर चल रहे वेदांत कप में रविवार को वेदांत ग्रीन ने वेदांत रेड को तीन विकेट से मात दी। पांच विकेट लेने के लिए पार्थ को मैन ऑफ द मैच चुना गया। वेदांत रेड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया और टीम 39 ओवर में 147 रन पर ऑलआउट हो गई। आदविक ने 33,नमन ने 29 और पार्थ ने 24 रन बनाए। विरोधी टीम की तरफ से पार्थ ने पांच विकेट लिए।यश ने तीन विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेदांत ग्रीन ने 20 ओवर में सात विकेट पर 149 रन बनाकर विजय प्राप्त कर ली। अर्पित यादव ने 38 रन,दीपक ने 24 और आरव ने 18 रन बनाए।

### आर्य समाज मंदिर में साप्ताहिक सत्संग हुआ

ट्रांस हिंडन। राजेंद्र नगर के सेक्टर-5 स्थित आर्य समाज मंदिर में रविवार को साप्ताहिक सत्संग संपन्न हुआ। इस सत्संग में ओमपाल शास्त्री ने सामवेद के 116 मंत्रों से यज्ञ किया, जिसमें अग्नि उपासना के बारें में बताया गया। इस दौरान यज्ञ के यजमान सतवीर चौधरी अपने पूरे परिवार के साथ उपस्थित रहे। ओमपाल शास्त्री और खेमचंद शास्त्री ने वेद के मंत्रों की व्याख्या कर वेद प्रचार का संदेश दिया। उन्होंने बताया कि आर्य समाज के लोग आरंभ से ही देव यज्ञ और हवन करते हैं। इस दौरान मास्टर विजेंद्र ने भजन गाए, और रामपाल चौहान ने रवि आर्य को सम्मानित किया। यज्ञ में प्रमोद चौधरी, कृष्ण कुमार आर्य, भूपेंद्र, भूपेंद्र सिंह, जेपी गर्ग, जगदीश सैनी और अन्य लोग उपस्थित रहे।

### कराटे के लिए सात खिलाड़ी चयनित

गाजियाबाद। गाजियाबाद कराटे स्कूल में रविवार को कराटे का ट्रायल हुआ, जिसमें सात खिलाड़ियों का चयन आगामी प्रतियोगिता के लिए किया गया। प्रशिक्षक नरेंद्र सिंह ने बताया कि कोलकाता के नेताजी इंडोर स्टेडियम में 25 से 27 जुलाई तक इंटरनेशनल कराटे चैंपियनशिप खेली जाएगी। इसमें भाग लेने के लिए ट्रायल लिया गया। चयनित खिलाड़ियों में धनुष कुमार, रिया सिंह, सोनम, पुलकित, अमित, यशवी सिंह और इशांत हैं।

### स्कूटी को टक्कर मारने के बाद पलटी कार

ग्रेटर नोएडा। नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर रविवार सुबह परी चौक की ओर जाने वाले मार्ग (हिंडन कट के पास) एक तेज रफ्तार कार ने स्कूटी को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराई और पलट गई। हादसे के समय स्कूटी पर सवार महिला और पुरुष गिर गए। दोनों को मामूली चोटें आईं। जबकि कार चालक भी घायल हुआ। उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कोतवाली प्रभारी सर्वेश चंद्र ने बताया कि रविवार सुबह पांच बजे घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। घायलों को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल भिजवाया। इसके साथ ही दुर्घटनाग्रस्त कार को क्रेन की मदद से सड़क से हटवाया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार की रफ्तार काफी तेज थी और अचानक सामने आए स्कूटी सवार को बचाने के प्रयास में कार चालक ने नियंत्रण खो दिया जिससे यह हादसा हुआ।

# एंबुलेंस की टक्कर से दो कांवड़ियों की मौत

## गंभीर हालत में एक को अस्पताल में कराया गया भर्ती

■ गंगाजल लाने हरिद्वार जा रहे थे तीनों श्रद्धालु



पायनियर समाचार सेवा।

गाजियाबाद। गाजियाबाद पुलिस आयुक्तालय (कमिश्नरेट) के मोदीनगर थाना क्षेत्र में एक एंबुलेंस ने स्कूटी और मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी जिससे वाहन सवार दो कांवड़ियों की मौत हो गई और एक घायल हो गया। पुलिस के एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी।

ग्रामीण क्षेत्र के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) सुरेंद्र नाथ तिवारी ने बताया कि मोदीनगर थाना क्षेत्र के कदराबड़ा के पास दिल्ली-मेरठ रोड पर एक रेस्टोरेंट के सामने शनिवार रात करीब 11.45 बजे एक तेज रफ्तार निजी एम्बुलेंस ने विपरीत दिशा से आ रहे कांवड़ियों की स्कूटी और मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी, जिसमें तीनों कांवड़िये घायल हो गए। उन्होंने बताया कि तीनों श्रद्धालु पवित्र गंगाजल लाने हरिद्वार जा रहे थे, जबकि मेरठ के एक अस्पताल में मरीज को छोड़ने के बाद एम्बुलेंस विपरीत दिशा से आ रही थी। डीसीपी ने बताया कि घायलों को एक निजी मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने दो को मृत घोषित कर दिया और एक का गंभीर हालत में इलाज किया जा रहा है। तिवारी ने बताया कि मृतकों की पहचान सचिन और रितिक के रूप में हुई है। उनकी उम्र लगभग 25 वर्ष आंकी गई है। डीसीपी ने बताया कि पुलिस ने मृतकों के माता-पिता को सूचित कर दिया है और वे गाजियाबाद पहुंच गए। एम्बुलेंस को जब्त कर लिया गया है, वहीं चालक मोनू को गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### आज से दो जगह दे सकेंगे ड्राइविंग टेस्ट

नोएडा। जिले के लोगों को ड्राइविंग लाइसेंस के लिए होने वाले टेस्ट में अब एक नहीं दो विकल्प मिलेंगे। सोमवार से दादरी बाईपास रोड पर स्थित वाईबी बिल्डर्स ड्राइविंग ट्रेनिंग सेंटर को भी लोग टेस्ट देने के लिए अब चुन सकेंगे। इसके लिए पोर्टल पर बदलाव कर दिए गए हैं। अहम है कि इससे पहले जिले में बिसाहड़ा में केवल एक ही ड्राइविंग ट्रेनिंग सेंटर संचालित हो रहा था। ऐसे में दो सेंटर खुल जाने से लोगों को विकल्प भी मिल सकेंगे।

अधिकारियों का कहना है कि अभी जिले में तीन और सेंटरों को खोला जाना है। उप संभागीय परिवहन अधिकारी डॉ सियाराम वर्मा ने बताया कि शुक्रवार को इसके लिए शासन की ओर से मंजूरी मिली और इसे शुरू करने का निर्देश दिया गया है। टेक्निकल टीम वेबसाइट में बदलाव कर रही है जल्द ही यह भी पूरा कर लिया जाएगा। सोमवार से यहां टेस्ट देने लोग जा पाएंगे।

बता दें कि टेस्ट के लिए प्रक्रिया पहले की तरह ही रहने वाली है। इसके लिए पहले एआरटीओ कार्यालय जाकर बायोमेट्रिक कराना होगा। इसके बाद टेस्ट के लिए स्लॉट लेना होगा फिर दादरी जाकर वहां ड्राइविंग टेस्ट देना होगा।

# हत्या के मामले में बहनोई को नहीं मिली अग्रिम राहत

पायनियर समाचार सेवा।



■ गौतमबुद्धनगर सत्र न्यायालय ने की सुनवाई, दहेज के लालच में विवाहिता की हत्या का है आरोप

ग्रेटर नोएडा। गौतमबुद्धनगर सत्र न्यायालय ने दहेज हत्या के मामले में आरोपी बहनोई जयराम की अग्रिम जमानत अर्जी खारिज कर दी। मामला सेक्टर-39 नोएडा थाना क्षेत्र का है। अभियोजन पक्ष के अनुसार वादी धनश्याम अहिरवार ने अपनी पुत्री सुमन की शादी वर्ष 2018 में अनिल नामक युवक से की थी।

शादी में लगभग 12 लाख रुपये खर्च किए गए थे। शादी के बाद से ही पुत्री को अतिरिक्त दहेज की मांग पर प्रताड़ित किया जाता रहा। आरोपी कार और पांच लाख रुपये की मांग कर रहे थे। पुत्री के पति अनिल के संबंध एक अन्य महिला से थे। जिसके कारण पति-पत्नी में झगड़े भी होते थे। घटना के दिन 30 दिसंबर 2024 की रात करीब दो बजे अनिल के पिता ने वादी को फोन कर बताया कि पुत्री की तबीयत खराब है। जब वादी नोएडा पहुंचे तब उन्हें सूचना मिली कि उनकी पुत्री को मारकर फंदे पर लटका दिया गया है। बहनोई आरोपी जयराम पर आरोप है कि उसने भी मृतका को मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया और दहेज की मांग में सह-आरोपी आरोपी व अन्य के साथ मिलकर भूमिका निभाई। बचाव पक्ष की ओर से तर्क दिया गया कि आरोपी निर्दोष है। उसका मृतका या सह-आरोपी अनिल से कोई लेना-देना नहीं है। घटना के समय वह का मौके पर नहीं था। केवल रिश्तेदारी के आधार पर उसे झूठा फंसाया गया है। वहीं, अभियोजन पक्ष ने जोर देकर कहा कि मृतका को दहेज के लिए लंबे समय तक प्रताड़ित किया गया और आखिरकार उसकी हत्या कर दी गई। आरोपी का नाम प्राथमिकी में स्पष्ट रूप से दर्ज है। उसने अब तक जांच में सहयोग भी नहीं किया है।

# पानी की गुणवत्ता देखेगी की कमेटी, केंद्र को देगी रिपोर्ट

पायनियर समाचार सेवा।



■ जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कमेटी गठित, हर महीने देगी रिपोर्ट

नोएडा। लोगों के पीने के पानी की गुणवत्ता को बेहतर बनाने के लिए जिलास्तर पर कमेटी का गठन किया जाएगा। यह कार्य जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के तहत किया जा रहा है। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित इस कमेटी की हर महीने बैठक होगी, जिसमें पानी की गुणवत्ता पर रिपोर्ट देगी। भारत सरकार के पोर्टल पर भी यह रिपोर्ट अपलोड करेगी। पिछले दिनों पानी की सप्लाई को लेकर कई सोसाइटियों में लोगों के बीमार पड़ने की खबरें आई थीं। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग ने सोसाइटी में शिविर लगाकर पानी की गुणवत्ता की जांच कराई थी जिसमें खतरनाक बैक्टीरिया पाए गए थे।

**जांच के लिए बनाई जा रही लैब :** डिप्टी सीएमओ डॉ. टीकम सिंह ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग, जल विभाग और नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ बैठक करके कमेटी का गठन किया जा रहा है। इसी के तहत स्वास्थ्य विभाग में पानी की जांच के लिए लैब भी बनाई जा रही है। इसमें सोसाइटी और सेक्टर में सप्लाई होने वाले पानी की गुणवत्ता की जांच की जाएगी। टीम सार्वजनिक स्थानों से भी पानी के सैंपल लेकर जांच करेगी।

### ब्राह्मण समाज महासंघ ने किया सर्व समाज का सम्मान

नोएडा। ब्राह्मण समाज महासंघ ने सेक्टर-12 स्थित भाऊराव देव रस सरस्वती विद्या मंदिर में सम्मान समारोह और काव्य पाठ कार्यक्रम किया। सर्व समाज के विशिष्ट व्यक्तियों को उनके विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि राजस्थान के पूर्व राज्यपाल कलराज मिश्र, विशिष्ट अतिथि यूपी के पूर्व उपमुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा, सांसद डॉ. महेश शर्मा और भाजपा के जिलाध्यक्ष अभिषेक शर्मा रहे। संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष गिरीश मिश्रा ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य समाज के सभी वर्गों को संगठित करना और उनके योगदान को सम्मान देना है। उन्होंने बताया कि शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले उन बच्चों को भी सम्मानित किया गया जिन्होंने 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। समारोह में कवियों ने भी अपनी रचनाओं के माध्यम से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

# नोएडा में गायत्री परिजनों का समागम 30 अगस्त को

■ दिल्ली सहित 14 जिलों के गायत्री परिजन सम्मिलित होंगे समागम में

पायनियर समाचार सेवा



नोएडा। गायत्री परिजनों का वार्षिक समागम आगामी 30 अगस्त को नोएडा में होने जा रहा है। जिसमें दिल्ली सहित 14 जिलों के गायत्री परिजन सम्मिलित होंगे। देव संस्कृति विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति डॉ चिन्मय पंड्या मुख्य वक्ता होंगे। गायत्री चेतना केंद्र में व्यवस्थापक योगेश शर्मा की अध्यक्षता में एक बैठक संपन्न हुई जिसमें 30 अगस्त को भाऊ राव देवरस माध्यमिक विद्यालय नोएडा में होने वाले उक्त कार्यक्रम के विभिन्न तैयारी को अंतिम रूप दिया गया। कार्यक्रम में कई गणमान्य लोगों के भी आने के संभावना है।

बैठक को मुख्य रूप से उमाशंकर गुप्ता, जुगल किशोर जड़िया, जितेन्द्र सिंह, ब्रह्मपाल गिरी, इंद्रपाल आर्य, अनुराधा झा तरुणेन्द्र वीणा सोम अजय शर्मा, प्रमोद राय, सुमित गुप्ता, प्रभाकर शुक्ला हरेंद्र राघव एमके शर्मा एवं रामकिशन गुप्ता ने संबोधित किया।

# शारदा यूनिवर्सिटी सुसाइड केसः लिखित परीक्षा रद्द

पायनियर समाचार सेवा।



ग्रेटर नोएडा। ग्रेटर नोएडा के शारदा विश्वविद्यालय में बीडीएस की छात्रा के आत्महत्या के बाद प्रबंधन की ओर से 22 जुलाई से शुरू होने वाली वाली तृतीय सेमेस्टर की लिखित परीक्षा को रद्द कर दिया गया है। इसके बाद से बीडीएस के कई छात्र रविवार को घर लौट गए। छात्रों का कहना है कि अब परीक्षा की नई तारीख आने के बाद ही वापस आएंगे।

गौरतलब है कि गुरुग्राम निवासी छात्रा ज्योति शर्मा (21) ने शुक्रवार पास शाम छात्रावास में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली थी। छात्रा ने सुसाइड नोट में सहायक और एसोसिएट प्रोफेसर पर मानसिक प्रताड़ना का आरोप लगाया है। छात्रा की पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में मृत्यु का कारण फंदे के कारण दम घुटना बताया गया है। छात्रा के पिता रमेश जांगड़ा ने मामले में डेंटल साइंस विभाग के डीन प्रो. (डॉ.) एम. सिद्धार्थ, विभागाध्यक्ष (एचओडी) प्रो. डॉ. आशीष चौधरी, प्रो. डॉ. अनुराग, एसोसिएट प्रो. डॉ. महिंदर सिंह चौहान, सहायक प्रो. डॉ सुरभी, सहायक प्रो. डॉ. शैरी वशिष्ठ पर प्रताड़ना के आरोप लगाए हैं। पुलिस ने मामले में शैरी वशिष्ठ और महिंदर सिंह चौहान को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। नॉलेज पार्क कोतवाली पुलिस ने मामले में छात्रा के कमरे से मिले मोबाइल, लैपटॉप, टेबलेट, दो डायरी को फारेंसिंक जांच के लिए भेजा है। पुलिस की ओर से छात्रा के मोबाइल की सीडीआर निकलवाई गई है। सोशल मीडिया और व्हाट्सएप चैट से यह पता लगा जा रहा कि आत्महत्या से पहले छात्रा से किस व्यक्ति ने बात की थी। पुलिस की ओर से मामले में सोमवार यानी आज अन्य आरोपियों से पूछताछ शुरू की जा सकती है। पुलिस की ओर से घटना स्थल से मिले सुसाइड नोट पर लिखी हैंडराइटिंग की जांच के लिए टीम बनाई गई है। जो छात्रा के छात्रावास में मिले सुसाइड में लिखी हैंडराइटिंग से पूर्व में छात्रा द्वारा विभिन्न रजिस्टर पर लिखी हैंडराइटिंग से मिलान की जांच कर रही है।

### कार्रवाई न होने पर धरने की चेतावनी

छात्रा के परिजन ने गांव कालौद सिवानी भिवानी हरियाणा में पोस्टमॉर्टम के बाद शव को ले जाकर शनिवार शाम ही अंतिम संस्कार कर दिया। इस दौरान परिजन की आंखें नम रहीं। समाजवादी छात्र सभा गौतमबुद्धनगर के अध्यक्ष मोहित नागर ने बताया कि प्रबंधन को जांच के लिए पांच दिन का समय दिया गया है। जांच में दो दिन का वक्त बीत चुका है। अगर पांच दिन बाद अन्य प्रोफेसरों पर कार्रवाई नहीं की गई है तो विश्वविद्यालय के गेट पर धरना प्रदर्शन शुरू करेंगे।

VK Global Industries Limited

**वीके ग्लोबल इंडस्ट्रीज लिमिटेड**

(पूर्व में एसपीएस इंटरनेशनल लिमिटेड से ज्ञात)
सीआईएनः LO1131HR1993PLC031900
पंजीकृत कार्यालयः – प्लॉट सं. 15/1, भूतल, मुख्य मथुरा रोड, फरीदाबाद, हरियाणा, भारत – 121003
दूरभाष संख्याः –91–129–7117719, ईमेलः info@vkgil.in, वेबसाइटः www.vkgil.in

**भौतिक शेयरों के लिए स्थानांतरण अनुरोधों को पुनः दर्ज करने के लिए विशेष विंडो**

सेबी परिपत्र सं. SEBI/HO/MIRSD/MIRSD-PoD/P/CIR/2025/97 दिनांक 02 जुलाई, 2025 के अनुसार, कंपनी शेयरधारकों को भौतिक शेयरों के हस्तांतरण के लिए पुनः दाखिल अनुरोध प्रस्तुत करने के लिए एक बार की विशेष विंडो की पेशकश करके मुदित है। यह विशेष विंडो 07 जुलाई, 2025 से 06 जनवरी, 2026 तक खुली रहेगी, और यह उन मामलों पर लागू होगी जहां मूल स्थानांतरण अनुरोध 01 अप्रैल, 2019 से पहले दर्ज किए गए थे, और दस्तावेजीकरण, प्रक्रिया या किसी अन्य कारण से कमियों के कारण वापस/अनुपस्थित कर दिए गए या अस्वीकार कर दिए गए। इस अवधि के दौरान, हस्तांतरण के लिए पुनः जमा किए गए शेयरों का प्रसंस्करण केवल डीमैट रूप में ही किया जाएगा। पात्र शेयरधारक आवश्यक दस्तावेजों के साथ अपने हस्तांतरण अनुरोध कंपनी के रजिस्ट्रार और शेयर हस्तांतरण एजेंट (आरटीए) को मेसर्स बीटल फाइनेंशियल एंड कंप्यूटर सर्विस प्राइवेट लिमिटेड, 99, मदनगीर, बी/4, लोकल शॉपिंग सेंटर, दादा हरसुख दास मंदिर के पास, नई दिल्ली–110062 में प्रस्तुत कर सकते हैं।

केवाईसी अपडेट करें और भौतिक शेयरों को डीमैट मोड में बदलें

जिन शेयरधारकों के पास भौतिक रूप में शेयर हैं, उनसे अनुरोध है कि वे अपना केवाईसी अपडेट करें और अपने भौतिक शेयर प्रमाणपत्रों को डीमैट रूप (इलेक्ट्रॉनिक रूप) में परिवर्तित करें।

कृते वीके ग्लोबल इंडस्ट्रीज लिमिटेड
(पूर्व में एसपीएस इंटरनेशनल लिमिटेड से ज्ञात)
हस्ताक्षरकर्ता/–
सौरभ गुप्ता
कंपनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी
एम. नं. ए36879

स्थानः फरीदाबाद
दिनांकः 19 जुलाई 2025

# फुटबॉल मैच में कई स्कूलों की टीम ने दिखाया दम



■ आठ स्कूलों की टीमों ने उत्साह अपनी प्रतिभा दिखाई, 26 को होगा सेमीफाइनल और फाइनल

पायनियर समाचार सेवा।

गाजियाबाद। कविनगर स्थित विवेकानंद शिशु मंदिर स्कूल में रविवार को सरकारी स्कूलों की फुटबॉल लीग खेली गई। इसमें आठ स्कूलों की टीमों के खिलाड़ियों ने उत्साह के साथ अपनी प्रतिभा दिखाई। 26 को सेमीफाइनल, फाइनल खेला जाएगा।

राष्ट्रीय सैनिक संस्था ने जिला बेसिक शिक्षा विभाग के साथ मिलकर सरकारी स्कूलों की ग्रासरूट फुटबॉल लीग का आयोजन किया। रविवार को विवेकानंद शिशु मंदिर स्कूल में लीग चरण के मुकाबले खेले गए। जिसमें बच्चों ने मैदान पर फुटबॉल के साथ अपनी प्रतिभा दिखाई।

राष्ट्रीय सैनिक संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष कर्नल टीपी त्यागी ने बताया कि इसमें आठ स्कूलों की टीम हिस्सा ले रही है। जिसमें कंपोजिट विद्यालय लाल क्वार्टर,कंपोजिट विद्यालय पप्पू कॉलोनी,कंपोजिट विद्यालय गांधी नगर,कंपोजिट विद्यालय मधुबन बापूधाम,कंपोजिट विद्यालय डासना गेट,कंपोजिट विद्यालय राइट गंज,कंपोजिट विद्यालय बम्हैटा और आश्रम गांधी नगर टीम शामिल हैं। प्रतियोगिता का सेमीफाइनल और फाइनल मैच 26 को महामाया में होगा।

SBI **भारतीय स्टेट बैंक,**
होम लोन सेंटर (15653) ए-5, पर्ल्स बेस्ट हाईट्स-1, नेताजी सुभाष प्लेस, पीतमपुरा, नई दिल्ली-110034

**परिशिष्ट-IV (नियम-8(1) के अंतर्गत कब्जा सूचना**

जबकि अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियो के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रति भूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अधीन **भारतीय स्टेट बैंक,** होम लोन सेंटर (15653), ए–5, पर्ल्स हाइट्स–1, नेताजी सुभाष प्लेस, पीतमपुरा, नई दिल्ली–110034 का प्राधिकृत अधिकारी होने तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत शक्तियो के अंतर्गत **उधारकर्ताः श्री नरेंद्र कुमार पुत्र श्री जय सिंह, पताः डीडीए फ्लैट सं. 28, द्वितीय तल, ब्लॉक एफ–6, पॉकेट–3, सेक्टर–जी 8, नरेला, दिल्ली–110040, अन्य पताः श्री नरेंद्र कुमार पुत्र श्री जय सिंह, जनता फ्लैट सं. बी–4/13 डी, केशवपुरम, नई दिल्ली–110035, अन्य पताः डी–118ए, त्रिपाठी एन्क्लेव, प्रेम नगर–2, किराड़ी सुलेमान नगर, सी ब्लॉक, उत्तर पश्चिम दिल्ली–110086 और अन्य पताः एडवोकेट तीस हजारी कोर्ट, चैंबर सं. 643, पश्चिमी विंग, तीस हजारी कोर्ट, नई दिल्ली–110059** को एक मांग नोटिस दिनांक **21.10.2023 को जारी** किया था जिसमें उल्लेखित राशि **रू 17,52,401/- (रु. सत्रह लाख बावन हजार चार सौ एक मात्र) दिनांक 21.10.2023 तक और साथ में भावी ब्याज, आकिस्मक खर्चे, लागत, प्रभार इत्यादि सहित** उक्त सूचना की तिथि से 60 दिनों के अंदर भुगतान करने को कहा गया था। उधारकर्ता उक्त राशि का भुगतान करने मे असफल हो गये है, इसलिए एतद्द्वारा उधारकर्ता तथा आम जनता को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने इसमे नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा, उक्त अधिनियम की धारा 13(4), उक्त नियमो 2002 के नियम 8 के साथ पठित के अधीन उन्हे प्रदत्त शक्तियों के इस्तेमाल के अन्तर्गत **16 जुलाई 2025** को लिया है।

विशेष रूप से उधारकर्ता तथा जनसाधारण को एतद्द्वारा उक्त संपत्ति के साथ लेन–देन न करने के लिए सावधान किया जाता है तथा संपति के साथ कोई भी लेन देन **भारतीय स्टेट बैंक,** होम लोन सेंटर (15653), ए–5, पर्ल्स हाइट्स–1, नेताजी सुभाष प्लेस, पीतमपुरा, नई दिल्ली–110034 **के प्रभार वास्ते राशि रू 17,52,401/- (रु. सत्रह लाख बावन हजार चार सौ एक मात्र) दिनांक 21.10.2023 तक और साथ में उस पर भुगतान की तिथि तक संविदात्मक दर पर भावी ब्याज एवं खर्चे इत्यादि सहित के अधीन होगा।**

उधारकर्ता का ध्यान एक्ट की धारा 13 की उप धारा (8) के प्रावधानों के अंतर्गत सुरक्षित परिसंपत्तियों के मुक्त करने हेतु उपलब्ध समय सीमा की ओर आकर्षित किया जाता है।

अचल संपत्ति का विवरण

**साम्यिक बंधक डीडीए फ्लैट सं. 28, द्वितीय तल, ब्लॉक एफ–6, पॉकेट–3, सेक्टर–जी8, नरेला उत्तरी दिल्ली–110040 यह सम्पत्ति श्री नरेन्द्र कुमार के नाम पर है।**

स्थानः नई दिल्ली
दिनांकः 16.07.2025
प्राधिकृत अधिकारी, भारतीय स्टेट बैंक

SBI **भारतीय स्टेट बैंक,**
होम लोन सेंटर (15653) ए-5, पर्ल्स बेस्ट हाईट्स-1, नेताजी सुभाष प्लेस, पीतमपुरा, नई दिल्ली-110034

**परिशिष्ट-IV (नियम-8(1) के अंतर्गत कब्जा सूचना**

जबकि अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियो के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रति भूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अधीन **भारतीय स्टेट बैंक,** होम लोन सेंटर (15653), ए–5, पर्ल्स हाइट्स–1, नेताजी सुभाष प्लेस, पीतमपुरा, नई दिल्ली–110034 का प्राधिकृत अधिकारी होने तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत शक्तियो के अंतर्गत **उधारकर्ता श्री प्रकाश चंद्र जोशी पुत्र श्री शिव दत्त जोशी, निवासी मकान सं. 546, सेक्टर–02, आर.के. पुरम, सेक्टर–2, बस स्टैंड के पास, नई दिल्ली–110022, अन्य पताः डीडीए जनता फ्लैट संख्या 283, द्वितीय तल, पॉकेट–1, सेक्टर ए–5, नरेला, नई दिल्ली–110040** को एक मांग नोटिस दिनांक **26.11.2024 को जारी** किया था जिसमें उल्लेखित राशि **रू 8,77,388.15 (रु. आठ लाख सतहत्तर हजार तीन सौ अट्ठासी और पैसे पद्रंह मात्र) दिनांक 26.11.2024 तक और साथ में भावी ब्याज, आकिस्मक खर्चे, लागत, प्रभार इत्यादि सहित** उक्त सूचना की तिथि से 60 दिनों के अंदर भुगतान करने को कहा गया था।

उधारकर्ता उक्त राशि का भुगतान करने मे असफल हो गये है, इसलिए एतद्द्वारा उधारकर्ता तथा आम जनता को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने इसमे नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा, उक्त अधिनियम की धारा 13(4), उक्त नियमो 2002 के नियम 8 के साथ पठित के अधीन उन्हे प्रदत्त शक्तियों के इस्तेमाल के अन्तर्गत **16 जुलाई 2025** को लिया है।

विशेष रूप से उधारकर्ता तथा जनसाधारण को एतद्द्वारा उक्त संपत्ति के साथ लेन–देन न करने के लिए सावधान किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी लेन देन **भारतीय स्टेट बैंक,** होम लोन सेंटर (15653), ए–5, पर्ल्स हाइट्स–1, नेताजी सुभाष प्लेस, पीतमपुरा, नई दिल्ली–110034 **के प्रभार वास्ते राशि रू 8,77,388.15 (रु. आठ लाख सतहत्तर हजार तीन सौ अट्ठासी और पैसे पद्रंह मात्र) दिनांक 26.11.2024 तक और साथ में उस पर भुगतान की तिथि तक संविदात्मक दर पर भावी ब्याज एवं खर्चे इत्यादि सहित के अधीन होगा।**

उधारकर्ता का ध्यान एक्ट की धारा 13 की उप धारा (8) के प्रावधानों के अंतर्गत सुरक्षित परिसंपत्तियों के मुक्त करने हेतु उपलब्ध समय सीमा की ओर आकर्षित किया जाता है।

अचल संपत्ति का विवरण

**साम्यिक बंधक डीडीए जनता फ्लैट सं. 283, द्वितीय तल, पॉकेट–1, सेक्टर ए–5, नरेला, नई दिल्ली–110040, यह सम्पत्ति श्री प्रकाश चंद्र जोशी पुत्र श्री शिव दत्त जोशी के नाम पर है।**

स्थानः नई दिल्ली
दिनांकः 16.07.2025
प्राधिकृत अधिकारी, भारतीय स्टेट बैंक

# Russia open to peace with Ukraine: Peskov

ASSOCIATED PRESS
Moscow


Kremlin spokesman Dmitry FILE PHOTO

Russia is open to peace with Ukraine, but achieving its goals remains a priority, Kremlin spokesman Dmitry said Sunday, days after US President Donald Trump gave Moscow a 50-day deadline to agree to a ceasefire or face tougher sanctions.

Peskov and other Russian officials have repeatedly rejected accusations from Kyiv and its Western partners of stalling peace talks.

Meanwhile, Moscow continues to intensify its long-range attacks on Ukrainian cities, launching more drones in a single night than it did during some entire months in 2024, and analysts say the barrages are likely to escalate.

"President Putin has repeatedly spoken of his desire to bring the Ukrainian settlement to a peaceful conclusion as soon as possible.

This is a long process, it requires effort, and it is not easy," Peskov told state TV reporter ." The main thing for us is to achieve our goals. Our goals are clear," he added.

**Russian officials have repeatedly rejected accusations from Kyiv and its Western partners of stalling peace talks**

The Kremlin has insisted that any peace deal should see Ukraine withdraw from the four regions that Russia illegally annexed in September 2022 but never fully captured.

It also wants Ukraine to renounce its bid to join NATO and accept strict limits on its armed forces - demands Kyiv and its Western allies have rejected. US President Donald Trump threatened Russia on July 14 with steep tariffs and announced a rejuvenated pipeline for American weapons to reach Ukraine, hardening his stance toward Moscow after months of frustration following unsuccessful negotiations aimed at ending the war.

The direct Russia-Ukraine negotiations in Istanbul resulted in several rounds of prisoner exchanges but little else.

Trump said he would implement "severe tariffs" unless a peace deal is reached within 50 days. He provided few details on how they would be implemented, but suggested they would target Russia's trading partners in an effort to isolate Moscow in the global economy.

In addition, Trump said European allies would buy "billions and billions" of dollars of US military equipment to be transferred to Ukraine, replenishing the besieged country's supplies of weapons.

Included in the plan are Patriot air defense systems, a top priority for Ukraine as it fends off Russian drones and missiles. Doubts were recently raised about Trump's commitment to supply Ukraine when the Pentagon paused shipments over concerns that US stockpiles were running low.

# Tsunami threat over Pacific coast

ASSOCIATED PRESS
Moscow

The Pacific Tsunami Warning Centre says there is no longer a danger of tsunami waves on Russia's Peninsula after five powerful quakes-the largest with a magnitude of 7.4 - struck in the sea nearby on Sunday.

The largest quake was at a depth of 20 kilometres and was 144 kilometres east of the city of Petropavlovsk-Kamchatsky, which has a population of 180,000, according to the US Geological Survey. Smaller - but still substantial - quakes were recorded before and after. Russian state media said, citing local geologists, that over two dozen aftershocks had hit Kamchatka.

It added their strength was gradually receding. The PTWC initially said there was a danger of major tsunami waves but later downgraded its warning before finally saying the danger had passed.

Ministry also issued a tsunami warning following the largest quake, urging residents of coastal settlements to stay away from the shore.

There were no reports of casualties or damage, and the ministry said it had no plans to evacuate residents.

# Indonesian passenger ferry catches fire, 5 dead

ASSOCIATED PRESS
Manado

A passenger ferry carrying hundreds of people caught fire at sea on Sunday off Sulawesi island in Indonesia, killing at least five people, officials said. More than 280 people were rescued and evacuation efforts were ongoing.

The KM Barcelona 5 was headed to Manado, the capital of North Sulawesi province, from Talaud, an island district in the province when it caught fire in waters near Talise, said Vice Adm Denih Hendrata, commander of the Indonesian Fleet Command.

He said that three navy ships had been deployed, and 284 passengers and crew members had been evacuated so far. The rescue operation included assistance from local fishermen, who saved some survivors wearing life jackets as they were drifting to nearby islands in the choppy waters.

Rescuers retrieved five bodies, including a pregnant woman. There were no immediate reports of injuries, and no exact figures of passengers and crew members onboard the ferry. "We are still focusing on evacuation efforts," Hendrata said, adding that the cause of the fire was being investigated.


In this photo made from video released by the Indonesian National Search and Rescue Agency (BASARNAS), rescue ship approach passenger ship KM Barcelona after it caught fire in the waters off Talise Island in North Sulawesi, Indonesia AP

Photos and videos released by the National Search and Rescue Agency showed terrified passengers, mostly wearing life jackets, jumping into the sea. Orange flames and black smoke billowed from the burning vessel.

Indonesia is an archipelago of more than 17,000 islands where ferries are a common method of travel. Disasters occur regularly, with weak safety enforcement often blamed. Residents of Mentawai Islands found several people stranded on July 14 after a speedboat carrying 18 people capsized during a storm the day before, authorities said. All were in good condition. A ferry sank near Indonesia's resort island of Bali early this month, leaving at least 19 dead and 16 others missing.

A two-week search operation involved 1,000 rescuers, three navy ships, 15 boats, a helicopter and divers.

# 3 people missing from deadly July 4 floods in Texas

ASSOCIATED PRESS
Kerrville

Officials in a Texas hill country community pummelled by deadly flooding on July 4 said on Saturday that just three people remain missing, down from nearly 100, after people who had previously been reported missing have since been accounted for.

The reduction in the number of people on the missing list came as the search for victims entered its third week. It is a significant drop from the more than 160 people officials previously said were unaccounted for in Kerr County alone. The death toll in Kerr County, 107, held steady for much of this week even as the intensive search continued.

Flash floods killed at least 135 people in Texas over the Fourth of July holiday weekend, with most deaths along the Guadalupe River in Kerr County, about 60 miles (100 kilometers) northwest of San Antonio.

The floods laid waste to the Hill Country, which is naturally prone to flash flooding because its dry, dirt-packed soil cannot soak up heavy rain. Vacation cabins, youth camps campgrounds fill the riverbanks and hills of Kerr County, and Camp Mystic, a century-old Christian summer camp for girls in a low-lying area along the Guadalupe.


Damage caused by flash floods along the Concho River in Texas

At least 27 of its campers and counsellors died. In Kerrville, about 100 miles (160 kilometers) west of Austin, local officials have come under scrutiny over whether residents were adequately warned about the rising water July 4.

"This remarkable progress reflects countless hours of coordinated search and rescue operations, careful investigative work, and an unwavering commitment to bringing clarity and hope to families during an unimaginably difficult time," Kerrville City Manager Dalton Rice in a statement on Saturday night.

# Tech company CEO resigns after controversy over video captured at Coldplay concert

ASSOCIATED PRESS
Washington

The IT company CEO captured in a widely circulated video showing him embracing an employee at a Coldplay concert has resigned. Andy Byron resigned from his job as CEO of Cincinnati-based Astronomer Inc., according to a statement posted on LinkedIn by the company on Saturday.

"Astronomer is committed to the values and culture that have guided us since our founding. Our leaders are expected to set the standard in both conduct and accountability, and recently, that standard was not met," the company said in its post on LinkedIn. The move comes a day after the company said that Byron had been placed on leave and the board of directors had launched a formal investigation into the jumbotron incident, which went viral. A company spokesman later confirmed in a statement to AP that it was Byron and Astronomer chief people officer Kristin Cabot in the video.


CEO Andy Byron FILE PHOTO

The short video clip shows Byron and Cabot as captured on the jumbotron at Gillette Stadium in Foxborough, Massachusetts, during a Coldplay concert on Wednesday.

Lead singer Chris Martin asked the cameras to scan the crowd for his "Jumbotron Song," when he sings a few lines about the people the camera lands on. "Either they're having an affair or they're just very shy," he joked. Internet sleuths identified the man as the chief executive officer of a US-based company and the woman as its chief people officer. Pete DeJoy, Astronomer's cofounder and chief product officer, has been tapped as interim CEO while the company conducts a search for Byron's successor. Most concert venues warn attendees that they can be filmed.

It's easy to miss, but most concert venues have signs informing the audience that they could be filmed during the event. Look for them on the walls when you arrive and around the bar areas or toilets.

It's common practice especially when bands like to use performances for music videos or concert films. The venue in this case, Gillette Stadium in Foxborough, also has a privacy policy online which states: "When you visit our location or attend or participate in an event at our location, we may capture your image, voice and/or likeness, including through the use of CCTV cameras and/or when we film or photograph you in a public location."

Once captured, a moment can be shared widely "They probably would have got away with it if they hadn't reacted," said Alison Taylor, a clinical associate professor at New York University's Stern School of Business.

And by the time the alleged identities emerged on social media, it hit a classic nerve around "leaders acting like the rules don't apply to them," she added. Taylor and others stress how quickly such a video lead to an internet search to find the people involved - and note that it's important to remember that such "doxing" isn't just reserved for famous people.

# Congo, M23 rebels sign peace deal

ASSOCIATED PRESS
Dakar

Congo and Rwanda-backed rebels have signed a declaration of principles for a permanent ceasefire in eastern Congo, where ethnic tensions and quest for rich minerals have resulted in one of Africa's longest conflicts with thousands killed this year.

The African Union called Saturday's signing, facilitated by Qatar, a "major milestone" in peace efforts. Qatari authorities said it paves the way for "a comprehensive peace that addresses the deep-rooted causes of the conflict".

But the ink has barely dried on the document signed in Qatar before both sides appeared to contradict each other in interpreting a major highlight of the declaration.

**That is a big retreat from the 141 seats they had pre-election, but media surveys predict big setbacks for Ishiba**

Congolese Government spokesman Patrick Muyaya said the declaration takes into account "the non-negotiable withdrawal" of the rebels from seized territories, including the biggest city of Goma.

The M23 rebels denied this, with a spokesman telling The Associated Press: "We are in Goma with the population and we are not going to get out." The declaration is supposed to lead to a final peace deal The declaration of principles was the first direct commitment by both sides since the rebels, supported by neighbouring Rwanda, seized two key cities in eastern Congo in a major advance early this year.

In it, both parties committed to "building trust" through various measures, including an exchange of prisoners and detainees as well as restoring state authority in all parts of the country, including rebel-held areas.

The Committee of the Red Cross, which has been mentioned as a key party in facilitating such release, said after the signing that it "stands ready to help". The signing sets in motion negotiations for a final peace deal, to be signed no later than August 18. It also reflects provisions of a US-brokered peace deal signed between Congo and Rwanda on June 27.

Both the US-facilitated and Qatar-led peace talks are aligned, and the Congolese and Rwandan presidents are soon expected in Washington to finalize negotiations for ending the conflict.

The conflict dates back to the Rwandan genocide The conflict can be traced to the aftermath of the Rwandan genocide of 1994, when Hutu soldiers and militias killed between 500,000 and 1 million minority Tutsis as well as moderate Hutus and the Indigenous Twa.

# President Putin meets Ayatullah senior aide

PRESS TRUST OF INDIA
Moscow

Russian President Vladimir Putin on Sunday received Iranian Supreme Leader Ayatullah Ali Khamenei's senior aide here and discussed the aggravation of the situation in West Asia and issues of Iran's nuclear programme.

The visit by Ali Larijani, senior adviser to Iran's Supreme Leader, comes almost a month after Putin met Iranian Foreign Minister Abbas Araghchi. "On behalf of the Iranian leadership, Ali Larijani shared the assessments of the current escalation in the Middle East and the situation around the Iranian nuclear programme," Kremlin spokesman Dmitry Peskov told reporters with out elaborating. On June 23, President Putin during his meeting with Araghchi had assured Tehran of Moscow's support in de-escalating the Israel-Iran conflict hours .

Moscow and Tehran have signed a strategic partnership treaty, but it does not provide for military assistance in case any side is attacked.

However, Tehran and Moscow under the treaty have an obligation not to take the side of the aggressor and enter into urgent political consultations to mitigate the situation.

**VK Global Industries Limited**

**VK GLOBAL INDUSTRIES LIMITED**
**(FORMERLY KNOWN AS SPS INTERNATIONAL LIMITED)**
**CIN:** L01131HR1993PLC031900
**Registered Office:** - Plot No. 15/1, Ground Floor, Main Mathura Road, Faridabad, Haryana, India - 121003
**Tel No.:**- 91-129-7117719, **Email:**- info@vkgil.in , **Website:**- www.vkgil.in

**SPECIAL WINDOW FOR RE-LODGEMENT OF TRANSFER REQUEST OF PHYSICAL SHARES**

Pursuant to SEBI Circular No. SEBI/HO/MIRSD/MIRSD-PoD/P/CIR/2025/97, dated July 02, 2025, the Company is pleased to offer one time special window for physical shareholders to submit re-lodgement requests for the transfer of shares. The Special Window will be open from July 07, 2025 to January 06, 2026 and is applicable to cases where original share transfer requests were lodged prior to April 01, 2019 and were returned/unattended or rejected due to deficiencies in documentation, process or any other reason. The shares re-lodged for transfer will be processed only in dematerialized form during this window. Eligible shareholders may submit their transfer requests along with the requisite documents to the Company's Registrar and Share Transfer Agent (RTA) at M/s Beetal Financial and Computer Service Private Limited, 99, Madangir, B/4, Local Shopping Centre, Near Dada Harsukh Das Mandir, New Delhi-110062.

**UPDATE KYC AND CONVERT PHYSICAL SHARES INTO DEMAT MODE**

The Shareholders who are holding shares in Physical form are requested to update their KYC and also requested to convert their physical share certificates into dematerialized form (Electronic Form).

**For VK Global Industries Limited**
**(Formerly Known as SPS International Limited)**
**Sd/-**
**Saurabh Gupta**
**Company Secretary & Compliance Officer**
**M No. A36879**

**Place: Faridabad**
**Date: 19th July 2025**

**SBI**
**STATE BANK OF INDIA,**
**Home Loan Centre (15653) A-5, Pearls Best Heights -I, Netaji Subhash Place, Pitampura, New Delhi- 110034**

**Appendix-IV UNDER [RULE - 8(1)] POSSESSION NOTICE**

Whereas, the undersigned being the Authorized Officer of the **State Bank of India, Home Loan Centre (15653), A-5, Pearls Heights-1, Netaji Subhash Place, Pitampura, New Delhi-110034,** under the securitization and reconstruction of Financial Assets & Enforcement of Security Interest Act, 2002 (54 of 2002) and in exercise of the powers conferred under section 13(12) read with Rule 3 of the Security Interest (Enforcement) Rules, 2002 issued a Demand Notice dated 21/10/2023, calling upon the **Borrower:- MR. NARENDER KUMAR S/O MR. JAI SINGH, Address:** DDA Flat No.28, Second Floor, Block F-6, Pocket-3, Sector-G 8, Narela, Delhi-110040, **Also At: Mr. Narender Kumar S/o Mr. Jai Singh,** Janta Flat No.B-4/13 D, Keshavpuram, New Delhi-110035, **Also At:** D-118A, Tripathi Enclave, Prem Nagar-2, Kirari Suleman Nagar, C Block, North West Delhi-110086 & **Also At:** Advocate Tis Hazari Court, Chamber No.643, Western Wing, Tis Hazari Court, New Delhi-110059, to repay the amount mentioned in the notice being **Rs.17,52,401/- (Rupees Seventeen Lakh Fifty Two Thousand Four Hundred One Only)** as on 21/10/2023, with further interest, incidental expenses, cost, charges etc. within 60 days from the date of receipt of the said notice. The Borrower, above said, having failed to repay the amount, notice is hereby given to the Borrowers in particular and the Public in General that the undersigned has taken possession of the property described herein below in exercise of powers conferred on him/her under Section 13(4) of the said Act read with Rule 8 of the said Rules on this **16th Day of July, 2025.** The Borrower above said in particular and the Public in General is hereby cautioned not to deal with the property and any dealing with the property will be subject to the charge of **State Bank of India, Home Loan Centre (15653), A-5, Pearls Heights-1, Netaji Subhash Place, Pitampura, New Delhi-110034 for an amount of Rs.17,52,401/- (Rupees Seventeen Lakh Fifty Two Thousand Four Hundred One Only)** as on 21/10/2023, together with further interest thereon at the contractual rate of interest till the date of payment & expenses thereon.

**The Borrower attention is invited to provisions of sub-section (8) of Section 13 of the Act, in respect of time available, to redeem the secured assets.**

**DESCRIPTION OF THE IMMOVABLE PROPERTY**

**Equitable Mortgage of DDA Flat No.28, Second Floor, Block F-6, Pocket-3, Sector- G8, Narela North Delhi-110040 in the name of Mr. Narender Kumar.**

**Place: New Delhi**
**Date: 16.07.2025**
**Authorised Officer, State Bank of India**

**SBI**
**STATE BANK OF INDIA,**
**Home Loan Centre (15653) A-5, Pearls Best Heights -I, Netaji Subhash Place, Pitampura, New Delhi- 110034**

**Appendix-IV UNDER [RULE - 8(1)] POSSESSION NOTICE**

Whereas, the undersigned being the Authorized Officer of the **State Bank of India, Home Loan Centre (15653), A-5, Pearls Heights-1, Netaji Subhash Place, Pitampura, New Delhi-110034,** under the securitization and reconstruction of Financial Assets & Enforcement of Security Interest Act, 2002 (54 of 2002) and in exercise of the powers conferred under section 13(12) read with Rule 3 of the Security Interest (Enforcement) Rules, 2002 issued a Demand Notice dated 26/11/2024, calling upon the **Borrower:- MR. PRAKASH CHANDRA JOSHI S/O MR. SHIV DUTT JOSHI,** Resident of H. No.546, Sector-02, R.K. Puram, Near Sec-2, Bus Stand, New Delhi-110022, **Also At:** DDA Janta Flat No.283, 2nd Floor, Pocket-1, Sector A-5, Narela, New Delhi-110040, to repay the amount mentioned in the notice being **Rs.8,77,388.15 (Rupees Eight Lakh Seventy Seven Thousand Three Hundred Eighty Eight and Paise Fifteen Only)** as on 26/11/2024, with further interest, incidental expenses, cost, charges etc. within 60 days from the date of receipt of the said notice.

The Borrower, above said, having failed to repay the amount, notice is hereby given to the Borrowers in particular and the Public in General that the undersigned has taken possession of the property described herein below in exercise of powers conferred on him/her under Section 13(4) of the said Act read with Rule 8 of the said Rules on this **16th Day of July, 2025.**

The Borrower above said in particular and the Public in General is hereby cautioned not to deal with the property and any dealing with the property will be subject to the charge of **State Bank of India, Home Loan Centre (15653), A-5, Pearls Heights-1, Netaji Subhash Place, Pitampura, New Delhi-110034 for an amount of Rs.8,77,388.15 (Rupees Eight Lakh Seventy Seven Thousand Three Hundred Eighty Eight and Paise Fifteen Only)** as on 26/11/2024, together with further interest thereon at the contractual rate of interest till the date of payment & expenses thereon.

**The Borrower attention is invited to provisions of sub-section (8) of Section 13 of the Act, in respect of time available, to redeem the secured assets.**

**DESCRIPTION OF THE IMMOVABLE PROPERTY**

**Equitable Mortgage of DDA Janta Flat No. 283, 2nd Floor, Pocket-1, Sector A-5, Narela, New Delhi-110040 in the name of Mr. Prakash Chandra Joshi S/o Mr. Shiv Dutt Joshi.**

**Place: New Delhi**
**Date: 16.07.2025**
**Authorised Officer, State Bank of India**